Class - 3

Subject - HINDI COURSE BOOK

पाठ – 7 पेड़ हमारे जीवन का आधार

शब्दार्थ लिखें :–

मूल्यवान	–	कीमती
लता	–	बेल
दूषित	–	गंदी
कुप्रभाव	–	बुरा प्रभाव
मूक	–	चुप, मौन
उपहार	–	भेंट
पुण्य–कर्म	–	पवित्र काम
सिद्ध	–	साबित करना
विषैला	–	जहरीला
औषधियाँ	–	दवाइयाँ
वीरान	–	सुनसान, जहाँ कुछ न हो
प्रयास	–	कोशिश

मौखिक :–

2. क. वृक्ष को किसके बराबर माना गया है?

उत्तर दस कुओं के बराबर एक तालाब होता है, दस तालाबों के बराबर एक पुत्र होता है और दस पुत्रों के बराबर एक वृक्ष होता है। ऐसा वृक्ष के बारे में माना गया है।

ख. प्राचीन ग्रंथों में वृक्षों के बारे में क्या–क्या लिखा हुआ है?

उत्तर प्राचीन ग्रंथों में यह लिखा है कि जो व्यक्ति पीपल, नीम, बरगद, अनार तथा नारंगी के दो, आम के पाँच एवं लताओं के दस पौधे लगाता है, वह कभी नरक में नहीं जाता और इस पुण्य–कर्म का फल उसे सुख के रूप में प्राप्त होता है।

ग. वृक्ष को जीवन का आधार क्यों कहा गया है?

उत्तर वृक्ष को जीवन का आधार इसलिए कहा गया है क्योंकि यह दूषित वायु को शुद्ध करते हैं और वर्षा लाने में सहायक होते हैं।

लिखित :–

3. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क. हमारे पूर्वजों ने किसका महत्व जान लिया था?

उत्तर हमारे पूर्वजों ने वृक्षों का महत्व जान लिया था।

ख. पेड़–पौधे प्राणियों में जीवन का संचार कैसे करते हैं?

उत्तर पेड़–पौधे प्राणियों में जीवन का संचार ऑक्सीजन बाहर छोड़कर और कार्बन डाई–ऑक्साइड को ग्रहण करते हैं। ये वातावरण को साफ रखते हैं।

ग. विज्ञान के प्रयोगों ने क्या सिद्ध कर दिया है?

उत्तर विज्ञान के प्रयोगों ने यह सिद्ध कर दिया है कि वृक्ष दूषित वायु को शुद्ध करते हैं और वर्षा लाने में सहायक होते हैं। पेड़ विषैले धुएँ के कुप्रभाव को कम करते हैं।

घ. पेड़ों से हमें क्या–क्या प्राप्त होता है?

उत्तर पेड़ों से हमें विभिन्न प्रकार की लकड़ियाँ, लाख, गोंद और जीवनदायिनी औषधियाँ प्राप्त होती हैं।

ङ मनुष्य अपने जीवन को सुख–सुविधापूर्ण बनाने के लिए क्या कर रहा है?

उत्तर मनुष्य अपने जीवन को सुख–सुविधापूर्ण बनाने के लिए पेड़ों को काटकर शहर बसा रहे हैं तथा उद्योग–धंधों का विस्तार कर रहे हैं।

मूल्यपरक प्रश्न

प्रश्न प्रकृति का मूक संदेश क्या है?

उत्तर लगातार पृथ्वी का गरम होना, मौसम का बिगड़ना, कभी बाढ़ तो कभी सूखा, पानी की कमी, अनेकानेक बीमारियाँ, ये सब प्रकृति का मूक संदेश ही तो है कि पेड़ों के कटने से धरती वीरान हो जाएगी।

5. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए –

क. प्राचीन ग्रंथों के अनुसार वृक्ष किसका रूप होते हैं?

हवा का ✓ भगवान का आश्रय का

ख. वृक्ष कैसी वायु को शुद्ध करते हैं?

✓ दूषित शुद्ध स्वच्छ

ग. मिट्टी के कटाव को कौन रोकता है?

✓ वृक्षों की जड़ें वृक्षों की टहनियाँ वृक्षों के पत्ते

6. दिए गए शब्दों की सहातया से रिक्त स्थानों भरिए –

क. हमारे पूर्वजों ने हजारों वर्ष पूर्व ही वृक्षों का महत्व जान लिया था।

ख. विशेष रूप से फलदार वृक्षों को काटना पाप माना जाता था।

ग. पेड़–पौधे से हमें अनेक जीवनदायिनी औषधियाँ प्राप्त होती हैं।

घ. मनुष्य अपने जीवन को सुख–सुविधापूर्ण बनाने के लिए लगातार पेड़ों पर अत्याचार करता आ रहा है।

ङ विज्ञान के प्रयोगों से यह सिद्ध किया जा चुका है कि वृक्ष दूषित वायु को शुद्ध करते हैं।